**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 08 जनवरी 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- **हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय कर्मचारी दक्षता विकास कार्यक्रम का उद्घाटन किया।**

- **मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत सरोवर मिशन भूजल रिचार्ज में मददगार साबित हुआ है।**

- **हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने काम की सही जानकारी न देने वाले लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।**

- **मुख्यमंत्री नायब सिंह ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने वाले हरियाणा के 75 प्रतिभागियों को दिल्ली के लिए रवाना किया।**

- **उत्तरी भारत में शीतलहर जारी का प्रकोप जारी,कल भी शीत लहर जारी रहेगी।**

******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ के महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में हरियाणा विधानसभा कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय कर्मचारी दक्षता विकास कार्यक्रम का उद्घाटन किया।इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण भी मौजूद रहे।

विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण सिंह ने बताया कि संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के विधानसभा कर्मचारियों के कौशल को बढ़ाना है।लोकसभा की ओर से संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण

संस्थान की टीम विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों को विधायी और सचिवालय के कामकाज के संबंध में प्रशिक्षण दे रही है।

*************************************************************************

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में महाकुंभ 2025 को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए विशेष गीत का लोकार्पण किया। इस समारोह में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पॉलीवाल गौड उपस्थित थी। महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होगा।

*************************************************************************

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने वरिष्ठ अधिकारियों को काम की सही जानकारी न देने वाले लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि काम में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।श्री गोयल ने आज फरीदाबाद में फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण और फरीदाबाद नगर निगम के अधिकारियों की बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की ।उन्होंने अधिकारियों को फरीदाबाद के सेक्टर छह से सेक्टर 37 तक की सड़क के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा जेवर हवाई अड्डे से जुड़ने वाली सड़क के निर्माण में आने वाली किसी भी समस्या का जल्द से जल्द समाधान निकालने को कहा।उन्होंने लोगों के पैसे हड़पने वाले बिल्डरों को तलब कर उसके खिलाफ कार्रवाई करने और लोगों को न्याय दिलाने के निर्देश भी दिए।

*************************************************************************

हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक समिति के आम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का कार्य पूरा हो गया है। चुनाव के लिए 302 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

*************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भागीदारी करने वाले हरियाणा के कुल 75 प्रतिभागियों के प्रतिनिधिमंडल को चंडीगढ़ से झंडी दिखाकर दिल्ली के लिए रवाना किया।राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन नई दिल्ली के भारत मंडपम में 10 से 12 जनवरी तक होगा।इस अवसर पर युवाओं का उत्साह वर्धन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा -

हरियाणा से लोक गीत, नृत्य, भाषण, कहानी लेखन जैसी विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 30 युवा तथा ''विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग'' के 45 युवा प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा ले रहे हैं।

*********************************************************************

उत्तर भारत में शीतलहर जारी है। मौसम विभाग ने आज पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में कल तक ठंड का अनुमान व्यक्त किया है।आकाशवाणी समाचार से बातचीत में विभाग की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सोमा सेन ने कहा कि अगले दो दिन तक हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में सुबह और रात के समय अत्यंत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।घने कोहरे के कारण देश के उत्तरी क्षेत्र में कई रेलगाड़ियों की आवाजाही प्रभावित हुई। आज कई रेलगाड़ी चार से पांच घंटे तक की देरी से चल रही हैं।हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मदन खीचड़ ने बताया कि 10 जनवरी तक मौसम शुष्क रहने के आसार हैं । इस दौरान उत्तरी और उत्तरी पश्चिमी हवाओं के चलने से रात के तापमान में गिरावट आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि उत्तरी पूर्वी हवाएं चलने से 11 व 12 जनवरी को मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि 11 और 12 जनवरी को हरियाणा के अधिकांश जिलों में गरज चमक के साथ हल्की से अंध्याम वर्ष हो सकती है।

*********************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के शैक्षिक सत्र 2024-25 की माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा हेतु गैर राजकीय अस्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों से सम्बद्धता आवेदन पत्र कल से जमा किए जा सकेंगे।बोर्ड के सचिव अजय कुमार चोपड़ा ने बताया कि 15 जनवरी तक सम्बद्धता आवेदन पत्र 8000 रुपये के शुल्क के साथ जमा होगा। इसके बाद 20 जनवरी तक 5000 रुपये विलम्ब शुल्क देना होगा।इन विद्यालयों के नौंवी से बारहवीं तक के परीक्षार्थियों का नामांकन भी कल से शुरू होगा। हरियाणा के विद्यार्थियों का शुल्क 150 रुपये जबकि अन्य राज्यों के विद्यार्थियों के लिए 200 रुपये निर्धारित किया गया है।उन्होंने बताया कि 13 जनवरी के बाद 300 रुपये का विलम्ब शुल्क और 16 जनवरी के बाद 1000 रुपये

विलम्ब शुल्क भरना होगा। परीक्षा के लिए पंजीकरण 20 जनवरी तक ही किया जा सकेगा। विद्यालय द्वारा आवेदन उपरान्त परीक्षार्थियों के विवरण में कोई शुद्धि 21 जनवरी से 23 जनवरी तक ऑनलाइन ही की जा सकेगी।

*********************************************************************